Central Board of School Education

# Marking Scheme 2016

[Official]

AglaSem Schools

*अत्यंत गोपनीय - केवल आंतरिक एवं सीमित प्रयोग-हेतु*

# सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा

# मार्च - 2016

## अंक योजना - भूगोल (सैद्धांतिक) दिल्ली, कोड संख्या 64/1/1

## (अखिल भारतीय)

http://schools.aglasem.com/

**सामान्य निर्देश : मूल्यांकन करते समय कृपया निम्नलिखित निर्देशों के प्रति सावधानी बरतिए।**

1. अंक योजना मूल्यांकन करने में व्यक्तिपरकता को कम करने हेतु सामान्य दिशा निर्देश प्रदान करती है। अंक योजना में दिए गए उत्तर सुझावात्मक और सांकेतक हैं। यदि परीक्षार्थी अंक योजना में दिए गए उत्तरों से भिन्न उत्तर लिखता है, किन्तु उपयुक्त उत्तर दिए हैं तो उसे अपेक्षित अंक दिए जायें।

2. अंक योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जाए। मूल्यांकन कार्य अपनी निजी व्याख्या के अनुसार अथवा अन्य किसी सोच के आधार पर नहीं हो। अंक योजना का यथावत पालन किया जाए और उसका उपयोग नियमित रूप से किया जाए।

3. यदि किसी प्रश्न के उपभाग हैं तो ऐसे प्रश्न के प्रत्येक उपभाग के उत्तरों पर दाईं ओर अंक दिए जायें। बाद में उपभागों के अंकों का योग बाईं ओर हाशिए पर लिखकर उसे गोलकृत किया जाये।

4. यदि प्रश्न का कोई उपभाग नहीं है तो उस पर अंक बाईं ओर ही अंक दिए जायें और उन्हें गोलाकृत किया जाए।

5. प्रत्येक उत्तर के साथ संदर्भ हेतु निर्धारित पाठयपुस्तकों की पृष्ठ संख्या दी गई है, ताकि आवश्यकतानुसार परीक्षक इन पृष्ठों का अध्ययन कर उत्तरों का मूल्यांकन कर सकें।

   पाठयपुस्तक 1. मानव भूगोल के मूल सिद्धान्त, एन.सी.आर.टी.

   पाठयपुस्तक 2. भारत लोग और अर्थव्यवस्था, एन.सी.आर.टी.

6. मूल्यांकन में सम्पूर्ण अंक पैमाने - 0 से 100 का प्रयोग अपेक्षित है। यदि परीक्षार्थी ने सही उत्तर दिया है तो उसे पूरे अंक देने में तनिक भी संकोच न करें।

AglaSem Schools

**विशिष्ट निर्देश :**

1. अंक योजना में उत्तरों के लिए केवल सुझावात्मक मूल्य बिन्दु दिए गए हैं। ये अपने में पूर्ण उत्तर नहीं हैं। विद्यार्थियों की अपनी अभिव्यक्ति हो सकती है। यदि विद्यार्थियों की अभिव्यक्ति सही है तो तद्नुसार अंक देने है।

2. माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेशनुसार परीक्षार्थी अपनी उत्तर पुस्तिकाओं की छाया प्रति प्रार्थना पर निर्धारित शुल्क के भुगतान पर प्राप्त कर सकेंगे। सभी मुख्य परीक्षकों / मुख्य परीक्षकों को एक बार पुनः स्मरण कराया जाता है कि वे सुनिश्चित करें कि मूल्यांकन करते समय प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिए अंक योजना में दिए गए मूल्य बिन्दुओं का कड़ाई से परिपालन किया जाये।

3. सभी मुख्य परीक्षकों / परीक्षकों को निर्दिष्टि किया जाता है कि जब वे उत्तर-पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर रहे हों और किसी प्रश्न का उत्तर पूरी तरह गलत पाते हैं तो गलत उत्तर के लिए (X) अंकित करना चाहिए और 0 अंक (शून्य) दिया जाना चाहिए।

http://schools.aglasem.com/

AglaSem Schools

अखिल भारतीय सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2016

अंक योजना

प्रश्न-पत्र-संख्या 64/1/1

विषय - भूगोल

| प्रश्न स. | अपेक्षित उत्तर/मूल्य बिंदु | अंक विभाजन |
|---|---|---|
| 1 | **आयु संरचना का महत्व**<br>(i) आयु संरचना विभिन्न आयु वर्गों में लोगों की संख्या को प्रदर्शित करती है।<br>(ii) आयु संरचना योजना प्रक्रिया में मदद करती है तथा भविष्य में होने वाली जनसंख्या को अनुमानित करती है।<br>(कोई एक बिन्दु) पृ.सं. 18, पा.पु. I | 1 |
| 2 | **दीर्घ और स्वस्थ्य जीवन जीना**<br>स्वास्थ्य मानव विकास का महत्त्वपूर्ण क्षेत्र है। स्वस्थ्य लोग सभी प्रकार के संसाधनों का प्रयोग करने में समर्थ होते हैं और उनसे धनार्जान करते हैं।<br>पृ.सं. 25, पा.पु. I | 1 |
| 3 | **कृषि व्यापार फार्म**<br>कृषि व्यापार फार्म वाणिज्य प्रकृति के होने के कारण वे बड़े तथा यंत्रीकृत होते हैं जैसे चाय इस्टेट, काफी इस्टेट आदि।<br>पृ.सं. 50, पा.पु. I | 1 |
| 4 | **विश्व व्यापार संगठन की कार्य प्रणाली**<br>(i) यह विश्वव्यापी व्यापार तंत्र के लिए नियमों को निर्धारित करता है।<br>(ii) यह सदस्य देशों के मध्य विवादों का निपटारा करता है।<br>(iii) कोई अन्य संबद्ध।<br>(किसी एक बिन्दु को परख अपेक्षित) पृ.सं. 86, पा.पु. I | 1 |
| 5 | **जनगणनणा 2011** के अनुसार सर्वाधिक साक्षरता कर वाला राज्य<br>केरल पृ.सं. 27, पा.पु. II | 1 |

http://schools.aglasem.com/

AglaSem Schools

| प्रश्न स. | अपेक्षित उत्तर/मूल्य बिंदु | अंक विभाजन |
|---|---|---|
| 6 | **पूर्वीतट पर भू आबद्ध प्रमुख समुद्री पत्तन :**<br>विशाखापत्तनम समुद्री-पत्तन<br>पृ.सं. 131, पा.पु. II | 1 |
| 7 | **आकार में सबसे बड़ा राज्य**<br>राजस्थान<br>पृ.सं. 03, पा.पु. II | 1 |
| 8 | **प्रकृति और मनुष्य आपस में जटिलता से जुड़े हैं।**<br>(i) प्रकृति और मानव को एक दूसरे से अलग नहीं किया जा सकता है।<br>(ii) आपसी अन्योन्यक्रिया द्वारा मनुष्य ने प्राकृतिक पर्यावरण में सामाजिक और सांस्कृतिक पर्यावरण की रचना की है।<br>(iii) भौतिक और मानवीय परिघटनाओं का वर्णन प्रायः रूपकों के रूप में किया जाता है जैसे पृथ्वी के रूप, तूफान की आँख, नदी का मुख, हिमनदी की नासिका, मृदा की परिच्छेदिका आदि।<br>(iv) ये सभी भौतिक अवयव मानव से पृथक नहीं हैं।<br>(v) कोई अन्य संबद्ध बिन्दु।<br>(किन्हीं तीन बिंदुओं की व्याख्या अपेक्षित) पृ.सं. 2, पा.पु. I | 3×1 = 3 |
| 9 | **आरेख आधारित :**<br>(9.1) चौक पट्टी प्रतिरूप / आयाताकार प्रतिरूप<br>(9.2) इस प्रकार के बस्ती प्रतिरूप समतल क्षेत्रों में जहाँ सड़कें और रेल लाइनें एक दूसरे को समकोण पर काटती हैं, पाए जाते हैं।<br>(9.3) (i) इनमें घर एक दूसरे से सटे होते हैं।<br>(ii) इनका संहत रूप होता है।<br>(iii) इस प्रकार की बस्तियाँ मैदानों और घाटियों में पाई जाती हैं।<br>(iv) कोई अन्य संबद्ध बिन्दु।<br>(किसी एक बिन्दु का उल्लेख अपेक्षित) पृ.सं. 93-94, पा.पु. I | 3×1 = 3 |

http://schools.aglasem.com/

AglaSem Schools

| प्रश्न स. | अपेक्षित उत्तर / मूल्य बिंदु | अंक विभाजन |
|---|---|---|
| | **दृष्टिबाधित परिक्षार्थियों के लिए**<br>(9.1) ग्रामीण बस्ती अधिक निकटता से तथा प्रत्यक्ष रूप से भूमि से निकट संबंध रखती हैं। लोगों का मुख्य व्यवसाय कृषि, पशुपालन एवं मछली पकड़ना आदि होता है।<br>(9.2) प्रकीर्ण बस्तियाँ सामान्यतः पहाड़ी क्षेत्रों/मरुस्थली क्षेत्रों/वनीय क्षेत्रों में पाई जाती हैं।<br>(9.3) कुछ एक मकान संहत रूप में हो सकते हैं; परन्तु सामान्यतः इन बस्तियों में मकान दूर-दूर होते हैं तथा वे खेतों के द्वारा एक दूसरे से अलग होते हैं।<br>पृ.सं. 92, पा.पु. II | $3 \times 1 = 3$ |
| 10 | **आरेख आधारित**<br>(10.1) टाटा आइरन एण्ड स्टील प्लांट (टिस्को)<br>(10.2) कोयला झरिया क्षेत्र से तथा चूना पत्थर बीरमित्रपुर से आता है।<br>(10.3) सुवर्णरिखा तथा खरकल नदियाँ जल आपूर्ति के स्रोत हैं।<br>पृ.सं. 92, पा.पु. I<br>**दृष्टिवाधित परीक्षार्थियों के लिए**<br>(10.1) टाटा आइरन एण्ड स्टील प्लांट (टिस्कों) तथा बोकारो स्टील प्लांट<br>(10.2) लौह अयस्क, कोयला, चूना पत्थर तथा मैंगनीज (कोई दो)<br>(10.3) लौह और इस्पात उद्योग को आधारभूत उद्योग इसलिए कहा जाता है कि यह अन्य सभी उद्योगों को मशीनें बनाने के लिए इस्पात की आपूर्ति करता है। | $3 \times 1 = 3$<br>$3 \times 1 = 3$ |

http://schools.aglasem.com/

AglaSem Schools

| प्रश्न स. | अपेक्षित उत्तर/मूल्य बिंदु | अंक विभाजन |
|---|---|---|
| 11 | **अपरंपरागत ऊर्जा के स्रोतों के उपयोग**<br>(i) ऊर्जा के अपरंपरागत स्रोत बहुत ही उपयोगी हैं।<br>(ii) ये अपरंपरागत ऊर्जा के स्रोत सतत पोषणीय ऊर्जा के स्रोत हैं।<br>(iii) ये स्रोत देश के विभिन्न भागों में आसानी से उपलब्ध हैं।<br>(iv) ये अधिक टिकाऊ, पारिस्थितिक अनुकूल तथा सस्ती ऊर्जा उपलब्ध कराते हैं।<br>(v) कोई अन्य संबद्ध बिन्दु।<br>(किन्हीं तीन बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित) पृ.सं. 83 पा.पु. II | 3×1 = 3 |
| 12 | **अंग्रेजी शासन में विकसित आधुनिक नगर**<br>(i) यह सच है कि भारत के कई नगर अंग्रेजों के शासन काल में विकसित हुए।<br>(ii) उन्होंने सबसे पहले तटीय स्थानों पर पैर जमाए तथा व्यापार के उद्देश्य से नगरों का विकास किया।<br>(iii) ततूपश्चात उन्होंने कैन्ट्नमेंट या कैम्प नगरों का विकास किया।<br>(iv) उन्होंने विश्राम स्थलों का विकास किया।<br>(v) मुम्बई (बम्बई) चैन्नई (मद्रास) कोलकाता (कलकत्ता), गोवा, सूरत, दमन, पुडुचेरी, (पांडचेरी) आदि इनके उदाहरण हैं।<br>(किन्हीं तीन बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित) पृ.सं. 34 पा.पु. II | 3×1 = 3 |
| 13 | **नगरीय अपशिष्ट का उचित ढंग से उपचरित करना**<br>(i) व्यवहारिक रुख अपनाना<br>(ii) समुदाय की सहभागिता<br>(iii) जाग्रति<br>(iv) दिलचस्पी<br>(v) शिक्षा उत्पादक प्रयोग हेतु<br>(vi) कोई अन्य संबद्ध बिंदु।<br>(किन्हीं तीन प्रभावों की व्याख्या अपेक्षित) पृ.सं. 138, पा.पु. II | 3 x 1 = 3 |

http://schools.aglasem.com/

AglaSem Schools

| प्रश्न स. | अपेक्षित उत्तर / मूल्य बिंदु | अंक विभाजन |
|---|---|---|
| 14 | **जनांकिकीय चक्र**<br>किसी प्रदेश की जनसंख्या उच्च जन्म और उच्च मृत्यु से निम्न जन्म व निम्न मृत्यु में परिवर्तित होती है। जैसे ही समाज ग्रामीण, खेतिहर और अशिक्षित अवस्था से उन्नति करके नगरीय, औद्योगिक और साक्षर बनता है। इन परिवर्तन की अवस्थाओं को जनांकिकीय चक्र के रूप में जाना जाता है। (2)<br>**जनांकिकीय संक्रमण सिद्धांत की तीन अवस्थाएँ**<br>(i) **प्रथम अवस्था** - उच्च प्रजननशीलता व उच्च मर्त्यता।<br>(ii) **द्वितीय अवस्था** - उच्च प्रजननशीलता तथा घटती मर्त्यता।<br>(iii) **तृतीय अवस्था** - प्रजननशीलता तथा मृर्त्यता दोनों का घटना।<br>(इन तीनों अवस्थाओं का वर्णन अपेक्षित) (3×1=3) पृ.सं. 15, पा.पु. I | 2+3 = 5 |
| 15 | **चलवासी पशुचारण और वाणिज्य पशुधन पालन**<br>(i) चलवासी पशुचारण प्राचीन जीवन निर्वाह व्यवसाय है, जबकि वाणिज्य पशुधन पालन अधिक व्यवस्थित एवं पूँजी प्रधान है।<br>(ii) चलवासी पशुचारण में पशुचारक अपने भोजन, वस्त्र और शरण के लिए पशुओं पर निर्भर रहते हैं। वाणिज्य पशुधन पालन पश्चिमी संस्कृति से प्रभावित है।<br>(iii) चलवासी पशुचारक भोजन और पानी की खोज में एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानान्तरित होते रहते हैं, जबकि वाणिज्य पशुधन पालन में रेंच विस्तृत क्षेत्र पर फैले होते हैं, जहाँ पशुधन स्थायी रूप से पाला जाता है।<br>(iv) चलवासी पशुचारण में विभिन्न प्रकार के पशुधन को पाला जाता है; परन्तु वाणिज्य पशुधन पालन में केवल एक ही प्रकार के पशु पाले जाते हैं।<br>(v) चलवासी पशुचरण में विस्तृत क्षैतिजीय गतिशीलता बनी रहती है; जबकि वाणिज्य पशुधन पालन स्थायी तथा वैज्ञानिक ढंग से व्यवस्थित किया जाता है।<br>(vi) कोई अन्य भिन्नता प्रतिपादक बिन्दु।<br>(किन्हीं पाँच बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित।) पृ.सं. 33, पा.पु. I | 5×1 = 5 |

http://schools.aglasem.com/

AglaSem Schools

| प्रश्न स. | अपेक्षित उत्तर/मूल्य बिंदु | अंक विभाजन |
|---|---|---|
| 16 | **पर्यटन -** एक यात्रा है जो प्रमोद तथा अन्य उद्देश्यों के लिए की जाती है। (1)<br>**पर्यटन के आकर्षण**<br>(i) जलवायु<br>(ii) भूदृश्य<br>(iii) इतिहास तथा कला<br>(iv) संस्कृति<br>(v) अर्थव्यवस्था<br>(v) कोई अन्य संबद्ध बिंदु। (4×1 = 4)<br>(किन्हीं चार बिन्दुओं की विश्लेषण अपेक्षित) पृ.सं. 60, पा.पु. I | 1+4 = 5 |
| 17 | **स्वेज तथा पनामा नहरों का आर्थिक महत्त्व :**<br>**स्वेज नहर :**<br>(i) यह यूरोप को हिंद महासागर में एक नवीन प्रवेश मार्ग प्रदान करती है तथा आस्ट्रेलिया से जोड़ती है।<br>(ii) इसने प्रत्यक्ष समुद्री मार्ग की दूरी को कम किया हैं।<br>(iii) इससे समय और ईंधन की बचत होती है।<br>(iv) उत्तमाशा अन्तरीय मार्ग की तुलना में यह मार्ग सस्ता है।<br>(v) यह समुद्र सतह के बराबर नहर है।<br>(vi) यह नहर वाणिज्य के लिए बहुत उपयोगी है।<br>(vii) कोई अन्य संबद्ध बिंदु। | |

http://schools.aglasem.com/

| प्रश्न स. | अपेक्षित उत्तर/मूल्य बिंदु | अंक विभाजन |
|---|---|---|
| | **पनामा नहर :**<br>(i) यह नहर पूर्वी अमेरिका को पश्चिमी अमेरिका से जोड़ती है।<br>(ii) यह नहर यूरोप को पश्चिमी अमेरिका से जोड़ती है।<br>(iii) इसने यूरोप और पश्चिमी अमेरिका के बीच की दूरी को कम किया है।<br>(iv) इससे समय और ईधन की बचत होती है।<br>(v) इस नहर में जलबंधक हैं; फिर भी यह नहर अधिक लाभकारी है।<br>(vi) कोई अन्य संबद्ध बिंदु।<br>(प्रत्येक के किन्हीं पाँच बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित) पृ.सं. 74-75, पा.पु. I | 2½+2½ = 5 |
| 18 | **पुरुषों और महिलाओं के प्रवास के कारण तथा पर्यावरणीय परिणाम**<br>**पुरुष -** पुरुष अधिकतर रोजगार के लिए प्रवास करते हैं।<br>**स्त्रियाँ -** स्त्रियाँ अधिकतर शादी के बाद प्रवास करती हैं। (1+1 = 2)<br>**पर्यावरणीय परिणाम**<br>(i) ग्रामीण क्षेत्रों से नगरीय प्रवास के कारण नगरीय क्षेत्रों में लोगों का दबाव बहुत बढ़ जाता है।<br>(ii) इससे नगरीय क्षेत्रों में वर्तमान सामाजिक और भौतिक अवसंरचना पर दबाव पड़ता है।<br>(iii) इससे नगरीय बस्तियों की अनियोजित वृद्धि होती है।<br>(iv) इससे गंदी बस्तियों का विस्तार होता है।<br>(v) इससे संसाधनों का अति दोहन होता है।<br>(vi) प्रदूषण (वायु जल, व ध्वनि) में वृद्धि होती है।<br>(vii) कोई अन्य संबद्ध बिंदु। (3×1 = 3)<br>(किन्हीं तीन बिन्दुओं का उल्लेख अपेक्षित।) पृ.सं. 20-21, पा.पु. II | 2+3 = 5 |

http://schools.aglasem.com/

AglaSem Schools

| प्रश्न स. | अपेक्षित उत्तर / मूल्य बिंदु | अंक विभाजन |
|---|---|---|
| 19 | **अनियमित मानसून तथा ऋण ग्रस्तता की समस्याओं के हल के उपाय एवं व्याख्या**<br><br>**अनियमित मानसून**<br><br>(i) सिंचाई की सुविधाओं का विस्तार।<br><br>(ii) सिंचाई के लिए जल का कुशल उपयोग।<br><br>(iii) सिंचाई के तरीकों में सुधार जैसे टपकन सिंचाई तथा छिड़काव सिंचाई का प्रयोग<br><br>(iv) वर्षाजल संग्रहण<br><br>(v) वर्तमान झीलों, झोडों, तालाबों आदि का सही रख रखाव।<br><br>(vi) कोई अन्य संबद्ध बिंदु।<br><br>**ऋण ग्रस्तता**<br><br>(i) न्यूनतम समर्थन मूल्य (उपज का)<br><br>(ii) बीजों, कीटनाशकों पर छूट का प्रावधान।<br><br>(iii) भण्डारण की सुविधाएँ उपलब्ध कराना।<br><br>(iv) कम ब्याज दर पर ऋण की उपलब्धि।<br><br>(v) कोई अन्य संबद्ध बिंदु।<br><br>**नोट** (i) किन्हीं चार सुझावत्मक बिन्दुओं का उल्लेख अपेक्षित (प्रत्येक से कम से कम एक सुझाव) (1+1 = 2)<br><br>(ii) किन्हीं तीन बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित (प्रत्येक से कम से कम एक) (3×1 = 3)<br><br>पृ.सं. 55, 56 पा.पु. II | 2+3 = 5 |

http://schools.aglasem.com/

AglaSem Schools

| प्रश्न स. | अपेक्षित उत्तर/मूल्य बिंदु | अंक विभाजन |
|---|---|---|
| 20 | **सड़कों का असमान वितरण**<br>**हमारे देश में सड़कों का वितरण समरूप नहीं है; क्योंकि -**<br>(i) भूभाग की प्रकृति<br>(ii) वनों का स्वरूप<br>(iii) आर्थिक विकास का स्तर<br>(iv) संसाधनों की कमी<br>(v) सरकारी नीति<br>(vi) बरसाती क्षेत्र<br>(vii) कोई अन्य संबद्ध बिंदु।<br>(उदाहरणों सहित किन्हीं पाँच बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित)<br>पृ.सं. 117, पा.पु. II | 5×1 = 5 |
| 21 | **उत्तर के लिए संलग्न संसार के भरे हुए मानचित्र को देखिए।**<br>**दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए :**<br>(21.1) मालद्वीव<br>(21.2) दक्षिण पश्चिम अफ्रीका/उत्तर अफ्रीका/उष्णकटिबंधीय अफ्रीका<br>(21.3) वैंकूवर/सान फ्रान्सिसको/न्यू आर्लियंस/न्यूयार्क<br>(21.4) रियो-डि जेनेरो/ब्रासिलिया<br>(21.5) लंदन/पेरिस | 5×1 = 5<br><br>5×1 = 5 |

http://schools.aglasem.com/

AglaSem Schools

| प्रश्न स. | अपेक्षित उत्तर / मूल्य बिंदु | अंक विभाजन |
|---|---|---|
| 22 | **उत्तर के लिए संलग्न भारत के भरे हुए मानचित्र को देखिए।** | 5×1 = 5 |
| | **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए :** | |
| | (22.1) राजस्थान | |
| | (22.2) सिक्किम/मिजोरम | |
| | (22.3) ओडिशा (उड़ीसा) | |
| | (22.4) कर्नाटक | |
| | (22.5) सिकंदराबाद | 5×1 = 5 |


http://schools.aglasem.com/

AglaSem Schools

प्रश्न सं. 22 के लिए मानचित्र

**Map for Q. No. 22**

64/1/1, 64/1/2, 64/1/3





http://schools.aglasem.com/

AglaSem Schools

**प्रश्न सं. 21 के लिए मानचित्र**
**Map for Q. No. 21**

64/1/1, 64/1/2, 64/1/3




https://schools.aglasem.com/